एक नजर में

चोरी के मामले में वारंटी गिरफ्तार



गोला गोकर्णनाथ खीरी। पुलिस ने वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चोरी के मामले में वांछित चल रहे एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आमिर पुत्र भन्नू निवासी पश्चिमी दीक्षिताना को विकास चौराहे से गिरफ्तार किया ।गिरफ्तार अभियुक्त आमिर के खिलाफवर्ष 2019 में मामला दर्ज है। वह इस मामले में वारंटी था। गिरफ्तार करने वाली टीम में कस्बा इंचार्ज सुनील तिवारी कांस्टेबल अनुज शर्मा शामिल रहे।

एक ही कमरे में फंदे से लटके मिले किशोरी और युवक के शव

गोला गोकर्णनाथ। बाकेगंज खीरी। थाना मैलानी क्षेत्र के कस्बा बांकेगंज से सटे अमीननगर में बुधवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां एक घर के कमरे में 19 वर्षीय युवक और 17 वर्षीय किशोरी के शव फंदे से लटके मिले। दोनों के शव पंखे में अलग अलग दुपट्टों के सहारे लटक रहे थे। घटना की जानकारी होते ही गांव में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बताया जाता है कि किशोरी की मां शिक्षामित्र है। बुधवार दोपहर वह अपने काम से घर लौटी तो कमरे के अंदर का दृश्य देखकर उसके होश उड़ गए। कमरे में युवक और किशोरी के शव फंदे से लटके हुए थे। यह दृश्य देखकर मां की चीख निकल गई। उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। घर में एक साथ दो शव मिलने की खबर फैलते ही गांव में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया ।सूचना मिलने पर मैलानी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने दोनों शवों को नीचे उतरवाकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। युवक की उम्र 19 वर्ष और किशोरी की उम्र 17 वर्ष बताई जा रही है। दोनों एक ही बिरादरी के थे। शुरुआती जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि दोनों ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसकी वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। सीओ जितेंद्र परिहार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

बाइक सवार बदमाशों ने महिला से जेवर लूट के मामले मे अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र में ग्राम विष्णू बेहड़ के निकट बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला से सोने के टॉप्स लूट लिए है विरोध करने पर बदमाशों ने महिला के साथ मारपीट की जिससे वह घायल हो गई। महिला के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण दौड़े तो बदमाश अपनी बाइक मौके पर ही छोड़कर भाग निकले। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल भिजवाया और बदमाशों की बाइक कब्जे में ले ली ।थाना हैदराबाद में पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश में पुलिस जुट गई है। बताया जाता है कि महिला की ससुराल कस्ता क्षेत्र में हैए उसका मायका हैदराबाद थाना क्षेत्र के घरथनिया गांव में है। गंगा स्नान के दिन भाई दूज के पर्व को लेकर वह पहले गोला के राजेंद्र नगर स्थित अपने भाई के घर टीका करने गई थी। वहां से वह दूसरे भाई रामपाल राठौर के यहां भाई दूज का टीका करने के लिए ऑटो से घरथनिया जा रही थी। इसी दौरान ग्राम विष्णू बेहड़ के निकट बाइक सवार बदमाशों ने ऑटो रोक लिया और महिला से सोने के टॉप्स लूट लिए। विरोध करने पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की। महिला की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो बदमाश बाइक छोड़कर फरार हो गए। हैदराबाद थानाध्यक्ष हैदराबाद महेश पाठक ने बताया महिला की घटना के मामले में अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर लिया गया बगैर नंबर प्लेट की बरामद बाइक स्प्लेंडर बताई जा रही हैआरोपियों की तलाश की जा रही है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

आवारा सांड ने बुजुर्ग को उठाकर सड़क पर पटका, हालत गंभीर

उन्नाव। सफीपुर कस्बे में आवारा सांड का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को मियागंज रोड स्थित एमजी इंटर कॉलेज के पास सांड ने 70 वर्षीय मुंशीलाल पर हमला कर उन्हें सींगों से उठाकर सड़क पर पटक दिया। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए ।फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के मझरिया कला मजरा कुलवा निवासी मुंशीलाल अपने बेटे सीताराम से मिलने कॉलेज पहुंचे थे। उनका बेटा कक्षा 11 का छात्र है। कॉलेज के पास पहुंचते ही सांड ने उन पर हमला कर दिया। राहगीरों ने किसी तरह सांड को खदेड़कर घायल बुजुर्ग को सीएचसी पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद कस्बे के लोगों में आवारा पशुओं को लेकर आक्रोश है। लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों से आवारा पशुओं के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

गंगा स्नान के दौरान डूबे अधेड़ का दूसरे दिन भी नहीं लगा सुराग

बीघापुर (उन्नाव)। बारा सगवर थाना क्षेत्र के डौंडिया खेड़ा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करते समय डूबे 46 वर्षीय राजीव त्रिपाठी उर्फगुड्डू पंडित का बुधवार को दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लग सका।

किसुनी खेड़ा अलीपुर निवासी राजीव मंगलवार सुबह करीब 11 बजे गंगा स्नान कर रहे थे। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में डूब गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कराई। बुधवार को पुलिस प्रशासन ने एसडीआरएफटीम और स्थानीय गोताखोरों के साथ खोजबीन जारी रखी। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि जाल डालकर करीब 200 मीटर क्षेत्र में तलाश कराई जा रही है, लेकिन अभी तक राजीव का पता नहीं चल सका है।

योगी के बुलडोजर को चुनौती या रसूख का खेल? विधवा की जमीन पर कथित कब्जा

उन्नाव। हसनगंज तहसील क्षेत्र में विधवा की करोड़ों रुपये की जमीन कथित कूटरचित दस्तावेजों के जरिए महज 12 लाख रुपये में बैनामा कराने का मामला सामने आया है। इस मामले में भाजपा अनुसूचित मोर्चा के नवनियुक्त क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं नवाबगंज नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी पर आरोप लगे हैं। पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है ।बजेहरा गांव के मजरा हिनौरा निवासी माया देवी के पति श्रीकृष्ण की मृत्यु के बाद वह जमीन की वरासत दर्ज कराने तहसील पहुंची थीं। माया देवी का आरोप है कि इसी दौरान एक व्यक्ति ने खुद को नवाबगंज चेयरमैन बताकर उनसे संपर्क किया और भरोसे में लेकर आधार कार्ड समेत जरूरी दस्तावेज ले लिए। पीड़िता के मुताबिक, बाद में जानकारी हुई कि उनकी करोड़ों की जमीन का बैनामा नवाबगंज निवासी दिव्य प्रकाश पुत्र ओमप्रकाश के नाम महज 12 लाख रुपये में करा दिया गया। उन्होंने दस्तावेजों में कूटरचना कर बैनामा कराने का आरोप लगाया है। शिकायत पर एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने जांच अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी को सौंपी है। अब जांच में बैनामे की वैधता और संबंधित लोगों की भूमिका स्पष्ट होगी। फिलहाल मामले में लगाए गए आरोपों की पुष्टि होना बाकी है।

हटिया मेलों में उमड़ी भीड़, विधायक ने सभागार का किया लोकार्पण

बीघापुर (उन्नाव)। कार्तिक पूर्णिमा के बाद रुझेई, घाटमपुर और महाई गांव में लगने वाले हटिया मेलों के पहले दिन भारी भीड़ उमड़ी। मेले में लोगों ने जलेबी, मूंगफली की खरीदारी के साथ झूलों का आनंद लिया। घाटमपुर और रुझेई मेले में विधायक आशुतोष शुक्ला पहुंचे ।रुझेई स्थित महावनेश्वर दूधाधारी बाबा मंदिर परिसर में विधायक निधि से निर्मित सभागार का विधायक ने लोकार्पण किया। इस दौरान उदल फौजी ने उन्हें त्रिशूल भेंटकर सम्मानित किया। लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि मेले सामाजिक समरसता और भाईचारे को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। भारतीय संस्कृति सभी के सुख और कल्याण की भावना पर आधारित है। वहीं, घाटमपुर हटिया मेले में आल्हा गायन ने लोगों का मन मोह लिया। ग्राम प्रधान एवं मेला आयोजक अमरेश दीक्षित ने विधायक को सम्मानित किया। मेले में दिनभर ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों की चहल-पहल बनी रही।

सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं को गोशाला में करें संरक्षित- डीएम



उन्नाव। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए डीएम घनश्याम मीना ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उन्होंने ओवरलोड और अवैध वाहनों के खिलाफप्रतिदिन अभियान चलाकर कार्रवाई करने को कहा ।डीएम ने परिवहन विभाग को वाहनों में रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान चलाने के निर्देश दिए, ताकि कोहरे में दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। वहीं, उन्नाव और गंगाघाट नगर निकायों के अधिकारियों को सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं को प्राथमिकता के आधार पर गोशालाओं में संरक्षित करने को कहा। उन्होंने चेतावनी दी कि पशुओं के कारण दुर्घटना होने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ऑटो, टेंपो और ई-रिक्शा निर्धारित स्टैंड पर खड़े कराने तथा अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर अनफिट वाहनों की जांच कर मान्यता निरस्त करने और चालकों का चरित्र व स्वास्थ्य सत्यापन कराने को कहा। इसके अलावा ब्लैक स्पॉट सुधारने, अवैध कट बंद कराने, अनाधिकृत पार्किंग हटाने और एक्सप्रेसवे पर एंटी फॉग गन लगाने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

स्वयंसेविकाओं ने गंगा घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान



बीघापुर (उन्नाव)। कार्तिक पूर्णिमा पर स्वाभिमानी भारत विकास संघ एवं परिवर्तन राजभाषा अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में बक्सर स्थित चंद्रिका देवी सिद्धपीठ के गंगा तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें संघ की 50 से अधिक महिला स्वयंसेविकाओं ने भाग लेकर घाटों और मेला परिसर की सफाई की ।श्रद्धालुओं द्वारा फेंकी गई पॉलीथिन, कागज, प्लास्टिक के गिलास और फोम की प्लेटों को स्वयंसेविकाओं ने एकत्र कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं स्वाभिमानी भारत विकास संघ की अध्यक्ष मांडवी मिश्रा ने कहा कि गंगा की स्वच्छता और पवित्रता बनाए रखना सभी का सामाजिक एवं नैतिक दायित्व है। धार्मिक स्थलों और गंगा घाटों को स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। दोनों संस्थाओं ने गंगा की निर्मलता और पर्यावरण संरक्षण के लिए जनसहभागिता बढ़ाने का आह्वान किया।

महिला से अभद्रता का विरोध करने पर मारपीट, सास का पैर टूटा

पुरवा (उन्नाव)। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में महिला से अभद्रता का विरोध करने पर उसके और उसकी सास के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। हमले में महिला की सास के दाहिने पैर की हड्डी टूट गई।

पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। सोमवार रात करीब 8:30 बजे वह परिवार के साथ निमंत्रण से लौट रही थी। इसी दौरान गांव के एक युवक ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर खींचा और अभद्रता की। शोर सुनकर सास बीच-बचाव करने पहुंची तो आरोपी और उसके परिजनों ने लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से दोनों पर हमला कर दिया।

गन्ना भुगतान में देरी करने वाली मिलों पर सख्त कारवाई की दी चेतावनी



लखीमपुर खीरी। बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के आबकारी एवं मद्य निषेध राज्यमंत्री ;स्वतंत्र प्रभारद्ध तथा जनपद के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल अपने एक दिवसीय दौरे पर लखीमपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में स्थानीय पत्रकारों से रूबरू होकर जनपद के विकास कार्योंए जनहित के मुद्दों और शासन की योजनाओं पर विस्तृत संवाद किया। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता एव गोला के विधायक अमन गिरि भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों द्वारा जनपद के गन्ना किसानों के बकाया भुगतान और बेमौसम बारिश से खराब हुई फसलों के मुआवजे को लेकर सवाल किए गए। इस पर प्रभारी मंत्री ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार अन्नदाताओं के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गन्ना किसानों का भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाएगा। साथ हीए उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि चीनी मिल मालिकों विशेषकर बजाज ग्रुप द्वारा किसानों के भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही की जाती हैए तो उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी ।अपने दौरे के क्रम में प्रभारी मंत्री ने जनपद के भाजपा पदाधिकारियों एवं संगठन के विभिन्न मोर्चों के कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक भी की। बैठक में उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन.जन तक पहुंचाने और आगामी चुनावी रणनीति को धार देने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया।

छुट्टा पशुओं ने चट की लाखों की फसल, किसान परेशान



परियर, उन्नाव। विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के सदमपुर गांव में छुट्टा पशुओं के झुंड किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। खेतों में घुसकर अन्ना मवेशी बंदगोभी और फूलगोभी की तैयार फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। लाखों रुपये की लागत से तैयार फसल बर्बाद होती देख किसान आर्थिक संकट की आशंका से परेशान हैं ।किसान रामसनेही, राजकरन, रामसरन और शिवम ने बताया कि पशुओं के झुंड लगातार खेतों में धावा बोल रहे हैं। दिन-रात रखवाली करने के बावजूद फसल बचाना मुश्किल हो रहा है। किसानों ने प्रशासन से छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गौशालाओं में भेजने की मांग की है। जिला कृषि अधिकारी एवं बीडीओ शशांक चौधरी ने बताया कि मामले को दिखवाकर जल्द ही अन्ना मवेशियों को पकड़ने और गौशाला भेजने की व्यवस्था कराई जाएगी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

उन्नाव ।लखनऊ से घर लौट रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। घर न पहुंचने पर परिजनों ने बुधवार सुबह तलाश शुरू की। जिला अस्पताल की मोर्चरी में शव की पहचान होने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया।

अचलगंज थाना क्षेत्र के आंटा गांव निवासी संजय रावत (35) पुत्र गजराजी लखनऊ में राजमिस्त्री का काम करता

गंगातटों पर उमड़ा जनसैलाब मिट्टी की हांडी में पकी खिचड़ी

शुक्लागंज, उन्नाव। कार्तिक पूर्णिमा के दूसरे दिन बुधवार को शुक्लागंज के गंगातटों और रेती पर पारंपरिक खिचड़ी भोज की धूम रही। नगर, ग्रामीण क्षेत्रों और कानपुर से बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित गंगातट पहुंचे। श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के बाद मिट्टी की हांडी में खिचड़ी पकाई सामूहिक भोज का आनंद लिया ।रेलवे पुल, पुराने यातायात पुल और नवीन गंगा पुल के नीचे सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटने लगी। कई लोग घर से राशन, कंडे और मटकी लेकर पहुंचे, जबकि अन्य ने घाटों पर लगी दुकानों से जरूरी सामान खरीदा। शाम पांच बजे तक घाटों पर चूल्हे जलते रहे और खिचड़ी की खुशबू से माहौल महकता रहा। देर रात तक मेले में खरीदारी और चहल-पहल बनी रही।

जनपद स्तरीय रसोईयां पाक कला प्रतियोगिता आयोजित

इन रसोइयों को मिला पुरस्कार

रामजती प्राथमिक विद्यालय कुसमी कॉलोनी ब्लॉक बांकेगंज को प्रथम 3100 मिले ।सुशीला देवी कंपोजिट विद्यालय कन्या कस्ता एवं प्रीति देवी उच्च प्राथमिक विद्यालय मुरासा ब्लाक मितौली द्वितीय 2100 मिले। प्राथमिक विद्यालय मैनहा विकास क्षेत्र फूलबेहड़ के रसोईया उर्मिला देवी व पार्वती तृतीय विजेता रही जिनको 1100 रूपये की धनराशि दी गई।



लखीमपुर खीरी। जनपद स्तरीय रसोइया पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को किया गया। परिषदीय विद्यालय में मध्यान्ह भोजन बनाकर बच्चों को खिलाने वाली रसोइयों के बीच बुधवार को उ.प्रा.वि. महराजनगर रिसोर्स सेंटर में पाक कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जनपद में कुल 15 ब्लाक में से दो.दो रसोइयों को बुलाया गया। रसोइयों को मौके पर मेन्यू व खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। रसोइयों ने दाल चावल सब्जी तहरी रोटी सहित आदि व्यंजन बनाए। निर्णायकों के निर्णय के अनुसार बांकेगंज ब्लाक की रसोइया प्रथम मितौली ब्लाक की रसोइयां द्वितीय और फूलबेहड़ ब्लाक की रसोइयां को तृतीय स्थान मिला। निर्णायक में जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा प्रधानाचार्य जीजीआईसी शालिनी दुबे एवं मीनाक्षी रानी आर्यकन्या इंटर कालेज से सरिता देवी वर्मा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक कुमार स्वास्थ्य विभाग से डा. अंशिका गुप्ता बीएस प्रवीण कुमार तिवारी वित्त एवं लेखाधिकारी संजय सरकार खण्ड शिक्षा अधिकारी अमन गुप्ता मण्डल समन्वयक एम.डी.एम. निधी शर्मा एवं जिला समन्वयक एम.डी.एम. ऋतुराज सिंह सहित आदि मौजूद रहे। प्रथम रसोईया को पुरस्कार 3500. रुपए द्वितीय 2500 रुपए और तृतीय पुरस्कार 1500 रुपए दिया गया। इसके अलावा सभी रसोईया को 600 रूपये का सांत्वना पुरस्कार आने जाने हेतु यात्रा भत्ता दिया दिया। उक्त.धनराशि सभी के खाते में भेजी जाएगी। रसोइयों को पाक कला में पारंगत करने को यह आयोजन किया जाता है।

एक नजर में

लखनऊ कमिश्नरेट स्थानांतरण पर सीओ अरविंद चौरसिया को दी विदाई

पुरवा (उन्नाव)। पुरवा सर्किल में तैनात रहे सीओ अरविंद चौरसिया का लखनऊ कमिश्नरेट तबादला होने पर बुधवार को कोतवाली परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान असोहा, पुरवा और मौरावां थानों के थानाध्यक्षों ने फूल-मालाओं और अंगवस्त्र भेंटकर उन्हें सम्मानित किया ।सीओ अरविंद चौरसिया ने कहा कि पुरवा में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने महिला अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए प्रयास किए। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल 2026 को पुरवा आने के बाद आठ माह का समय कैसे बीत गया, पता ही नहीं चला। उन्होंने सर्किल पुलिस, क्षेत्रीय जनता और पत्रकारों का सहयोग व स्नेह देने के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में पुरवा कोतवाल भवन सिंह मौर्य, असोहा थानाध्यक्ष फूल सिंह, मौरावां थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह सहित विनोद सिंह, रमेश सेंगर, सियाराम चौरसिया, रामप्रकाश समेत पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

जेल पहुंचीं सीडीओ कृति राज, नौ मासूमों को बांटी खुशियां

उन्नाव। जिला कारागार में महिला बंदियों के साथ रह रहे छह वर्ष से कम आयु के बच्चों के बेहतर भविष्य और संरक्षण को लेकर प्रशासन ने पहल की है। बुधवार को सीडीओ कृति राज की अध्यक्षता में संयुक्त निगरानी समिति ने जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान 40 महिला बंदियों के साथ नौ बच्चे रहते मिले। जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक कुमार पाण्डेय ने बताया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के 20 जुलाई 2025 के आदेश के अनुपालन में समेकित योजना ''सुरक्षित बचपन'' के तहत निरीक्षण किया गया। इसमें विभिन्न संबंधित विभागों को शामिल किया गया है। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने बच्चों के खेलने-कूदने की व्यवस्थाएं देखीं और उनसे स्नेहपूर्वक बातचीत की। उन्होंने सभी नौ बच्चों को चॉकलेट, चिप्स और बिस्कुट वितरित किए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों को जेल के माहौल का एहसास न होने दिया जाए। उनके लिए खेलकूद, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण में वरिष्ठ जेल अधीक्षक, डॉ. बृज किशोर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव, पांच माह की बेटी हुई अनाथ

पुरवा (उन्नाव)। कोतवाली क्षेत्र के भूपतिपुर गांव में बुधवार दोपहर 25 वर्षीय विवाहिता का शव कमरे में छत के पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। घटना के समय पति छत पर अपनी पांच माह की बेटी को खिला रहा था। नीचे कमरे में पहुंचने पर पत्नी का शव फंदे पर लटका देख उसके होश उड़ गए ।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पति अंकित के अनुसार, असोहा क्षेत्र के बरेला गांव निवासी अंशू से उसकी शादी करीब ढाई वर्ष पहले हुई थी। बुधवार दोपहर वह बेटी को छत पर खिला रहा था, तभी यह घटना हुई। पत्नी ने यह कदम क्यों उठाया, इसकी जानकारी उसे नहीं है। कोतवाल भवन सिंह मौर्य ने बताया कि परिजनों की ओर से आत्महत्या की तहरीर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एनसीसी कैडेट्स ने टीबी मुक्त भारत के लिये किया जागरूक

बांगरमऊ (उन्नाव)। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत ग्राम रसूलपुर रूरी स्थित श्री विशंभर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय में एनसीसी इकाई की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को टीबी के लक्षण, बचाव और उपचार की जानकारी दी गई ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएचसी रसूलपुर रूरी के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिनव निगम ने बताया कि टीबी संक्रामक बीमारी है, लेकिन समय पर पहचान और नियमित उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। उन्होंने लंबे समय तक खांसी, बुखार, वजन घटना और भूख न लगने जैसे लक्षणों पर जांच कराने तथा दवा का कोर्स पूरा करने की सलाह दी। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत दुबे ने टीबी मरीजों के साथ भेदभाव न करने और उन्हें उपचार के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की। एनसीसी प्रभारी डॉ. कुलदीप कुमार शुक्ला ने कैडेट्स से गांवों में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। इस दौरान पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में चांदनी देवी, दिव्यांशी शुक्ला और अनुप्रिया ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का समापन टीबी मुक्त भारत के संकल्प के साथ हुआ।

जीने से गिरकर युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

बांगरमऊ (उन्नाव)। कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव में मंगलवार रात घर की दूसरी मंजिल से जीने के रास्ते उतरते समय पैर फिसलने से 20 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई ।ग्राम मऊ निवासी मुदस्सिर पुत्र इकरार महाराष्ट्र के पुणे में बाइक मैकेनिक का काम करता था। करीब दो माह पहले वह गांव लौटा था। मंगलवार रात किसी काम से दूसरी मंजिल से नीचे उतरते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह जमीन पर जा गिरा। हादसे में उसके सिर में गंभीर चोट आई। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। अविवाहित मुदस्सिर तीन भाइयों और चार बहनों में दूसरे नंबर का था। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

संदिग्ध परिस्थितियों में प्रधान के पिता की पुल से गिरकर मौत

पाटन, उन्नाव। संदिग्ध परिस्थितियों में देर रात प्रधान के पिता की सई नदी के पुल से गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया जिसमें सिर में आई चोट से मौत की पुष्टि हुई ।बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भैरमपुर के प्रधान रोहित के पिता राम लखन (55) पुत्र राम मनोहर मंगलवार शाम को घर से निकले थे। देर रात बीतने पर घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने तलाश शुरू की लेकिन पता नहीं चला। बुधवार सुबह गांव के बाहर से निकली सई नदी किनारे पथरीली भूमि पर उनका शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। प्रथम दृष्टया उनके पुल से नीचे गिरने से मौत होने की कयास लगाए गए। पुलिस के मुताबिक परिजनों ने भी यही लिख कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक उनकी हेड इंजरी से मौत हुई है। पति की मौत से पत्नी ननकई, बेटे मनोज, रोहित व अमित बेहाल रहे। एसओ राहुल सिंह ने बताया परिजनों ने पुल से गिर कर मौत होने की बात बताई है। पोस्टमार्टम कराया है।

मेधावियों की पढ़ाई का खर्च उठाकर बढ़ाया हौसला

उन्नाव। आर्थिक तंगी किसी मेधावी विद्यार्थी की पढ़ाई में बाधा न बने, इसी उद्देश्य से समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अंकित सिंह परिहार ने दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की फीस जमा कराकर उनकी उच्च शिक्षा में सहयोग किया। उन्होंने ग्राम लाला खेड़ा निवासी सत्यम यादव की मेडिकल शिक्षा और ग्राम पंचायत मनिकापुर निवासी अंशिका सिंह की इंजीनियरिंग की पढ़ाई की फीस जमा कराई। अंकित सिंह परिहार पिछले करीब 20 वर्षों से क्षेत्र के जरूरतमंद और मेधावी विद्यार्थियों की शिक्षा में आर्थिक सहयोग करते आ रहे हैं। उनका प्रयास है कि धन के अभाव में किसी प्रतिभाशाली विद्यार्थी का सपना अधूरा न रह जाए।

पुरानी रंजिश में युवक का सिर फोड़ा

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के श्रीनगर में पुरानी रंजिश को लेकर परिवार के ही लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया। पीड़ित ने आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है।श्रीनगर निवासी अंकुर दीक्षित ने पुलिस को बताया कि मंगलवार शाम प्रमोद दीक्षित, प्रथम दीक्षित और दो अज्ञात युवकों ने रास्ते में रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी।

सूचना

मेरे एलआईसी पालिसी संख्या 236097946 में मेरा नाम छबली व जन्मतिथि 15/08/1982 अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम कान्ती पत्नी दीपक कुमार है। उपरोक्त दोनों ही नाम मेरे हैं तथा मुझे दोनों ही नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाता है।

कान्ती पत्नी दीपक कुमार, पता- ग्राम असोहा, जिला उन्नाव।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम पूर्व में मोहम्मद ऐजम दर्ज था। अब पारिवारिक निर्णय एंव अभिभावकों की सहमति से मेरे पुत्र का नाम बदलकर अम्मार मुस्तफा कर दिया गया है। अत: भविष्य मे मेरे पुत्र को अम्मार मुस्तफ के नाम से जाना एवं पहचाना जाए। **अल फराज पुत्र मो. शब्बीर खान,पता- शहर व जिला उन्नाव।**